दिनांकः 24.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस को बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण पर ध्यान देने का महत्वपूर्ण अवसर बताया–प्रदेशभर में बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम हुए।
- जयपुर में आज से दो दिन की युवा संसद शुरू हुई–विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवाओं से स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए जिम्मेदारी से कदम बढ़ाने का आव्हान किया।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल–जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा।
- प्रदेश में कई स्थानों पर दिन के तापमान में 2 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज हुई।

0000

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिन को बालिकाओं को सशक्त बनाए रखने और उनके अधिकारों, शिक्षा और कल्याण पर फोकस करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया है। यह दिन समाज में बालिकाओं के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

-------------------

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में हुए जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं के सशक्तिकरण की अलख जगाई गई। चूरू में आयोजित समारोह में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं झुन्झुनू में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम हुआ। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विपलव न्यौला ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

-----------------------

पाली में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया वहीं कालिका पेट्रोलिंग टीम ने महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। राजसमंद के भीम में राजकीय बालिका छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर हुआ। उधर जैसलमेर में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई और प्रतिभागियों को बेटी बचाओ–बेटी पढाओ की शपथ दिलवाई गई। कोटपूतली–बहरोड में भी कार्यक्रम आयोजित कर कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम का संदेश दिया गया। नागौर में हुई कार्यशालाओं में बेटी बचाओ–बेटी पढाओ थीम पर रंगोली और पोस्टर बनाये गये। भीलवाडा में बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण का संकल्प लिया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विद्यार्थी विकसित भारत के संकल्प को साकार करें। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही काफी नहीं है बल्कि कौशल और बौद्धिक क्षमता को भी बढ़ाना बहुत जरूरी है। श्री बागडे आज वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति देश, समाज और हर नागरिक के लिये उपयोगी होगी इसके अच्छे परिणाम आने वाले समय में दिखाई देगें। इस अवसर पर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोढानी ने विद्यार्थियों को समय का मूल्य समझाते हुए आगे बढ़ने और उद्यमिता में रूचि लेने पर जोर दिया। समारोह में 60 हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधियां दी गई और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 89 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये गये।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने युवाओं से स्वस्थ, सुरक्षित और हरित भविष्य के लिए जिम्मेदारी से कदम बढ़ाने का आव्हान किया है। श्री देवनानी ने कहा कि हम सभी पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा कर क्रियान्विति के लिए

ब्ल्यू प्रिंट तैयार करना चाहिए। श्री देवनानी आज विधानसभा में राष्ट्रीय पर्यावरण पर शुरू हुई दो दिन की युवा संसद के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण संकट केवल एक देश का मुद्दा नहीं है बल्कि पूरी मानवता का साझा दायित्व है, ऐसे में युवा शक्ति को तत्परता के साथ आगे आकर हरित भविष्य के लिए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नवाचारों के साथ हमें जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों से प्रेम करना होगा। इसके लिए चर्चा के साथ–साथ संवेदनशील कदम उठाने होगें।

----------------

दो दिन की इस युवा संसद में देश के विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

000

--------------------

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बायोमीट्रिक मतदान प्रणाली को अनूठा बताते हुए कहा है कि इससे फर्जी मतदान और एक से अधिक बार मतदान करने की घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली सुनिश्चित करती है कि केवल सही मतदाता ही वोट कर रहा है। श्री कुमार आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग की ओर से आयोजित सम्मेलन में निर्वाचन प्रबंधन निकायों को संबोधित कर रहे थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर जयपुर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मतदाता जागरूकता के लिए काम करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। बाड़मेर की जिला कलेक्टर टीना डाबी को निर्वाचन संबंधी उल्लेखनीय कामों के लिए सम्मान दिया जायेगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बागडे ने कहा कि मतदाता दिवस मतदाता जागरूकता का पर्व है। लोकतंत्र में मतदाता ही राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है, उन्होंने सभी पात्र युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुडवाने का भी आग्रह किया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों और जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेगें। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास पर एक समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री मोदी कलाकारों और एनसीसी कैडेटों के साथ संवाद करेंगे। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विविधता और सैन्य–शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में संविधान की 75वीं वर्षगांठ और जन–भागीदारी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। इस वर्ष विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की 31 झांकियों का मुख्य विषय होगा–**स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास।** प्रदेश से भी विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली हस्तियों को नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। बाड़मेर ज़िले की गडरारोड़ पंचायत समिति की तामलोर ग्राम पंचायत के सरपंच हिन्दू सिंह भी कर्त्तव्य पथ पर होने वाले राष्ट्रीय समारोह के निमंत्रण पर बहुत खुश हैं।

--------------------

हनुमानगढ़ जिले की टिब्बी तहसील की आशा कार्यकर्ता शकुंतला तिवाड़ी भी गणतंत्र दिवस समारोह का निमंत्रण पाकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें सभी ग्रामवासियों से बधाई मिल रही है।

----------------

प्रदेश में भी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार राज्य स्तरीय समारोह उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है। वहीं जिला मुख्यालयों पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित किये जायेगें, जहां प्रभारी मंत्री और जिला कलेक्टर ध्वाजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेगें। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उल्लेखनीय सेवाओं के लिये उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर हुई बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। धौलपुर में तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार करौली, बारां, धौलपुर, उदयपुर, चित्तौडगढ और भीलवाड़ा में पारा गिरा, वहीं दौसा, अलवर, सीकर और झुन्झुनू में सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बनी हुई है। विभाग ने अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने और कई स्थानों पर सर्द हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना जताई है। साथ ही तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट होने के आसार हैं।

000

बीकानेर के श्रीडूंगरगढ क्षेत्र में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा बीकानेर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कीतासर गांव में बस और कार की आमने–सामने की टक्कर से हुआ, जिसमें दो महिलाओं ने मौके पर और एक घायल व्यक्ति ने श्रीडूंगरगढ के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

000

भारतीय तट रक्षक बल की बाइकर्स रैली आज श्रीगंगानगर पहुंची। श्रीगंगानगर के 7 जेड स्थित सैनिक स्कूल में तटरक्षक दल ने छात्र–छात्राओं के साथ संवाद किया। भारतीय तट रक्षक बल की ओर से अमृतसर के वाघा बार्डर से 22 जनवरी को ये रैली रवाना हुई थी। रैली 10 दिनों में दो हजार तीन सौ किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करेगी। रैली बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और उदयपुर होते हुए वडोदरा दमन के रास्ते मुम्बई पहुंचेगी, जहां एक फरवरी को तट रक्षक दिवस के अवसर पर गेटवे ऑफ इण्डिया पर इसका समापन होगा।

0000